शहर के मुख्य चौक के समीप एक ऐसी नाली जिसमें एक बूंद भी पानी इधर से उधर नहीं अतिक्रमण के चलते कई वर्षों से बंद नाली को निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने खड़े होकर करवाया क्लीन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महापौर नीरज पाल के निर्देश पर नाला एवं नालियों की सफाई किया जा रहा है। वही वर्षो से जाम पड़ी नालियों की भी सफाई इस अभियान के तहत की जा रही है। पहली बारिश में शहर के वार्ड भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के संज्ञान में आया की गदा चौक सुपेला के पास की नाली की कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है , उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाली को साफ कर सुगम बनाएं , तब अधिकारियों ने पूरी नाली का निरीक्षण किया और देखा कि अतिक्रमण के चलते नाली की सफाई नहीं हो पा रही है। निगम आयुक्त के निर्देश के परिपालन में दो जेसीबी के माध्यम से वार्ड क्रमांक 15 सुपेला के समीप एवं 16 अंबेडकर नगर के नाली का सफाई कार्य प्रारंभ किया गया , इस दौरान नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। नाली पूरी तरीके से अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण की जद में आ गई थी , लोगो ने नाली के ऊपर स्लेब का निर्माण भी कर लिया था। जेसीबी से अतिक्रमण हटाने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों की सहायता से नाली की सफाई वृहद रूप से 40 स्वास्थ्य कर्मियों के बदौलत की गई। सुपेला से गदा चौक की तरफ जाने वाले रास्ते पर गदा चौक के ठीक दाहिनी ओर के मोहल्ले में लगभग 700 मीटर नाली पूरी तरीके से जाम हो गई थी , इस नाली को गैंग लगाकर सफाई करने के बाद अब नाली से पानी निकासी सुगम हो गया है। अतिक्रमण के चलते नाली इतनी जाम हो गई थी कि एक बूंद पानी भी इधर से उधर जाना नामुमकिन था , परंतु आयुक्त प्रकाश सर्वे ने स्वयं खड़े होकर नाली को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए इसकी सफाई करवाई। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , उप अभियंता पुरषोत्तम सिन्हा , जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे। बारिश के दिनों में आसपास के रहवासियों को जलभराव से निजात मिलेगा , वही गदा चौक पर नाली साफ नहीं होने के कारण जलजमाव की जो स्थिति निर्मित होती थी वह इस बारिश में नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि बारिश पूर्व नाला एवं छोटे नालियों की सफाई का अभियान 2 माह पूर्व से वृहद रूप में भिलाई निगम क्षेत्र में चलाया जा रहा है। जलभराव वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर ऐसे क्षेत्रों के समीपस्थ नालों को प्राथमिकता देते हुए सर्वप्रथम इसकी सफाई की जा रही है , सफाई के लिए भिलाई निगम ने हाईटेक मशीनों का सहारा भी लिया है ताकि शीघ्र सफाई कार्य हो सके और बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।